ST. XAVIER'S SENIOR SECONDARY SCHOOL, DELHI-54

| | | |
|---|---|---|
| Class : 6 | SUMMATIVE ASSESSMENT 1 | Marks: 30 |
| Date: 17.09.14 | HINDI | Time: 30 Minutes |

Name:____________________________________ Class & Sec. _____________ R. No.____________

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न – पत्र पर ही कीजिए।

**भाग – क**

I रेखांकित संज्ञा के उचित भेद पर सही (√) का निशान लगाइए ।

1. रावण बुराई का प्रतीक है।

1. व्यक्तिवाचक 2. जातिवाचक 3. भाववाचक 4. समूहवाचक

2. निम्नलिखित उचित भाववाचक संज्ञा पर सही (√) का निशान लगाइए ।

बूढ़ा

1. बूढ़ापन 2. बुढ़ापा 3. बूढ़ता 4. बुढ़ाई

3. शुद्ध संधिरूप के आगे सही (√) का निशान लगाइए ।

तपः + भूमि

1. तपभूमि 2. तपोभूमि 3. तप्‌भूमि 4. तपहभूमि

4. संधि के भेद हैं –

1. दो 2. चार 3. एक 4. तीन

5. वे शब्दांश जो किसी शब्द के पहले जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन लाते हैं उन्हें कहते हैं।

1. संज्ञा 2. उपसर्ग 3. प्रत्यय 4. सर्वनाम

6. अधिपति में उपसर्ग है –

1. अधि 2. अधी 3. आधि 4. आधी

7. अध्यापक का स्त्रीलिंग शब्द है –

1. अधयापीका 2. अध्यापिका 3. अध्यापीका 4. अधयपिका

8. मीरा एक महान् थी –

1. कवी 2. कवयित्री 3. कवि 4. कवियित्री

9. मज़दूर का बहुवचन है –

1. मज़दूर वर्ग 2. मज़दूर गण 3. मज़दूरजन 4. मज़दूर गन

10. वचन के भेद हैं –

1. एक 2. तीन 3. चार 4. दो

11. आग का पर्यायवाची शब्द है –

1. अनिल 2. नग 3. अनल 4. नीर

12. पवन का पर्यायवाची शब्द नहीं है ।

1. हवा 2. समीर 3. खग 4. वायु

13. अनेक शब्दों के स्थान पर एक सही शब्द चुनिए।

बहुत बड़े शरीर वाला

1. विशालकाय 2. क्षीणकाय 3. लघुकाय 4. निम्नकाय

14. जिससे परिचित न हो –

1. परिचय 2. परिचित 3. अपरिचित 4. परिचायी

Cont'd-----2/-

15. आहार का विलोम शब्द है –

1. निराकार 2. निराहार 3. निरावर 4. निशाकार

16. क्रूर का विलोम नहीं है –

1. दयालु 2. कृपालु 3. परोपकारी 4. आतंकी

17. निम्नलिखित मुहावरों के उचित अर्थ पर सही (√) का निशान लगाइए ।

आस्तीन का साँप!

1. कपटी मित्र 2. विषैला साँप 3. धनिष्ठ मित्र 4. बाँह में साँप

18. लट्टू होना!

1. लट्टू नचाना 2. मोहित होना 3. शर्मिन्दा होना 4. बेबकूफ बनाना

19. विचरण का अर्थ है –

1. घूमना 2. पाँव छूना 3. बेकार बैठना 4. चोट लगना

20. संदेह का अर्थ है –

1. शंक 2. शंख 3. शक 4. शंकु

21. 'होनहार बिरवान के चीकने पात' के लेखक का नाम है –

1. रामधारी सिंह दिनकर 2. महादेवी बर्मा 3. सुरेशपंत 4. मुंशी प्रेमचन्द

22. गाँधी जी की मातृभाषा थी –

1. हिन्दी 2. गुज़राती 3. अंग्रेजी 4. बंगाली

23. संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने फूलों की घाटी को विश्वधरोहर घोषित किया –

1. 1937 2.1947 3. 2005 4. 2012

24. 'तिनका' कविता में कवि कहाँ खड़ा था?

1. मुँडेरपर 2.घासपर 3. वृक्षपर 4. ज़मीन पर

25. बगुलों में हंस कौन था?

1. जानकीनाथ 2. सुजानसिंह 3. दीवानसाहब 4. राजासाहब

26. लेखिका के अनुसार अनुशासित जीव है–

1. नेवला 2. साँप 3. गिलहरी 4. कोई नहीं

27. लाल बहादुर वाराणसी के कौन से स्कूल में भरती हुए?

1. हरिश्चन्द्र हाईस्कूल 2. काशी 3. वाराणसी 4. सरकारी

28. शुद्ध रूप पर सही (√) का निशान लगाइए ।

1. प्रर्थना 2. प्रार्थना 3. प्राथर्ना 4. प्रार्थाना

29. शुद्ध रूप पर सही (√) का निशान लगाइए ।

1. विदेस 2. विदेश 3. विदेष 4. विदेस्

30. कृत्रिम शब्द का अर्थ है –

1. बनावटी 2. सजावटी 3. आक्टी 4. कोई भी नहीं

************

# ST. XAVIER'S SENIOR SECONDARY SCHOOL, DELHI-54

Class : 6 | SUMMATIVE ASSESSMENT 1 | Marks: 60

Date: 17.09.14 | HINDI | Time: $1\frac{1}{2}$ hours

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर – पुस्तिका पर लिखिए।

**भाग – ख**

I अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए । (2)

1. रचना करने वाला। 2. जानने की इच्छा।

3. विदेश से मँगाना। 4. जिसका कोई अर्थ हो।

II निम्नलिखित शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (2)

1. जग 2. नया

III रेखांकित संज्ञाओं के भेद लिखिए । (2)

1. वह तो एकलव्य है गुरु के लिए कुछ भी कर सकता है।
2. चिड़ियाघर में पशु – पक्षी कई स्थानों से लाए जाते हैं।
3. देश के लिए मैं अपना सर्वस्व त्याग दूँगा।
4. कक्षा में पचास बच्चे बैठे हैं।

IV निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए । (2)

1. अंधे के हाथ बटेर लगना। 2. नेकी कर कुएँ में डाल

V विपरीतार्थक शब्द लिखिए। (2)

1. अनिवार्य 2. दानी 3. जागरण 4. उद्यमी

VI श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द लिखिए। (2)

1. कपट – 2. किला –

कपाट – कीला –

VII भाववाचक संज्ञाएँ बनाकर लिखिए। (2)

1. शत्रु 2. शिशु 3. कठिन 4. खोजना

VIII अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए। (2)

1. ग्रहस्थ 2. चांद 3. परिक्षा 4. आर्शिवाद

IX अनेकार्थी शब्द लिखिए। (1)

1. अंबर –

X एकार्थक प्रतीत होने वाले शब्दों अन्तर स्पष्ट कीजिए। (1)

1. कंगाल –

दीन –

XI प्रधानाचार्य जी को शुल्क मुक्ति (माफ़ी) के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। (4)

XII निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी **एक** विषय पर 130 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (4)

1. अगर हम दृढ़निश्चयी हैं तो जीवन में कोई भी कमी हमें हमारे लक्ष्य तक पहुँचने से रोक नहीं सकती।
2. 'सादा जीवन उच्च विचार'

Cont'd-----2/-

XIII अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रायः किसी जाति अथवा समाज का मुखिया बनकर व्यक्ति अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने लगता है। वह पहले धन – संपत्ति से अपना और अपने सगे संबंधियों का घर भरना चाहता है। उसकी इस स्वार्थवृत्ति को देखकर उसके मातहतों का विश्वास उससे उठ जाता है और फिर अनेक समस्थाओं का जन्म होता है। हमारे यहाँ मुखिया के रूप में सूर्य को आदर्श माना गया है। सूर्य अपनाी किरणों द्वारा सागर और धरती के जल को जैसे कर – रूप में ग्रहण करता है और फिर उसको हज़ार गुना बनाकर वर्ष के रूप में धरती के कल्याणार्थ लौटा देता है।

सही विकल्प को चुनकर लिखिए – (4)

1. जाति अथवा समाज का मुखिया बनकर व्यक्ति अपने अधिकार का क्या करता है?
   1. दुरुपयोग 2. सदुपयोग 3. उपयोग 4. कोईभी नहीं
2. मुखिया धन – संपत्ति से किसका घर भरना चाहता है?
   1. प्रजा का 2. गरीबों का 3. निर्धनों का 4. सगे संबधियों का
3. मुखिया के रूप में किसको आदर्श माना गया है?
   1. सूर्य 2. चंद्रमा 3. मानव 4. धरती
4. विश्वास और धरती का विलोम लिखिए।

**भाग – ग**

I. मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन – सा,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भागी।

1. उपर्युक्त पंक्तियों के कवि और कविता का नाम लिखिए। (1)
2. कवि बेचैन क्यों हो गए? (1)
3. आँख का पर्यायवाची शब्द लिखिए। ($\frac{1}{2}$)
4. "मूँठ देने लोग कपड़े की लगे, ($1\frac{1}{2}$)
   ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भागी" का अर्थ भाव सहित लिखिए।

II. " गहरे पानी में पैठने से ही मोती मिलता है"। पाँच, छः वाक्यों में आशय स्पष्ट कीजिए। ($3\frac{1}{2}$)

III. शास्त्री जी भी तीस वर्षं तक राजनीति में रहे, मगर अपना घर वे कहीं भी खड़ा नहीं कर सके । क्या ऋषि इससे भी बड़ा मनुष्य होता है? पाँच, छः वाक्यों में अर्थ स्पष्ट कीजिए। ($3\frac{1}{2}$)

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन – चार वाक्यों में लिखिए। (3x2=6)

1. ' आधार शिविर' किसे कहते हैं? फूलों की घाटी का 'आधार – शिविर' किसे माना गया है?
2. प्रार्थना के बारे में गाँधीजी ने क्या विचार प्रकट किया?
3. नेवले को वापिस बिल में रख आने के आदेश पर महादेवी वर्मा तथा उनके भाई – बहनों के मन में क्या आया?

Cont'd-----3/-

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक – दो वाक्यों में लिखिए। (1x5=5)

1. निक्की किसकी देख – रेख में कुछ ही दिनों में स्वस्थ और पुष्ट हो गया?
2. बूढ़ा जौहरी किस व्यक्ति के लिए कहा गया है?
3. लाल बहादुर शास्त्री जी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
4. तिनके ने कवि को क्या समझ दिया?
5. सबसे पहले फूलों की घाटी पर कौन पहुँचा तथा कैसे?

VI. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? (1x2=2)

1. अक्षर ज्ञान और संस्कृत ज्ञान पर पूरा ध्यान देना।
2. अगर तुम्हारे पिता नहीं हैं तब तो तुम्हें बिल्कुल शरारत नहीं करनी चाहिए, बल्कि अच्छी आदतों को सीखना चाहिए ताकि तुम अपनी माँ का सहारा बन सको।

VII. पाठों के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों से कीजिए। ($\frac{1}{2}$x4=2)

1. फूलों की घाटी के बीचों बीच बहने वाली नदी को नाम ____________ है।
2. रोज़ी 'टैरियर' जाति की एक _____________ थी।
3. समाचार पत्रों में ________________ के पद के लिए विज्ञापन दिया गया।
4. पिता की मृत्यु के समय लाल बहादुर जी की उम्र ________________ की थी।

VIII. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मेरे पानी को पानी नहीं जल कहा जाता है। 'गंगाजल' शब्द में ही पवित्रता है, पर आज मैं इसे पानी भी नहीं कह सकती। यह पानी नहीं, विष बन गया है। किसे दोष दूँ? लोग मुझमें स्नान कर मान लेते थे कि मैं उनके पापों को धो देती हूँ। मुझे यह सुन कर सुख ही मिलता था, पर आज ? आज तो कारखानों के ज़हरीले रसायन, शहरों के की गंदगी, खेतों की रासायनिक खादें, क्या – क्या नहीं सैंपा जा रहा है मुझे!

करोड़ों वर्षों से बह रही हूँ मैं। लाखों वर्षें से लोग मुझे माँ कहते आए हैं। एक सदी पहले तक माना जाता था कि मेरा पानी अनेक रोग दूर करता है। आज सैंकड़ों रोग मेरे प्रदूषित पानी से हो रहे हैं। हे ईश्वर! मनुष्य नाम के इस प्राणी को कौन समझाए कि गंगा को प्रदूषित कर वह अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा है। आओ अपनी गंगा माँ को प्रदूषण मुक्त करें।

1. गंगा को किस प्रकार दूषित किया जा रहा है? (1)
2. लाखों वर्षें से लोग किसे माँ कहते आए हैं? (1)
3. गंगा के प्रदूषित पानी से क्या दुष्प्रभाव पड़ रहा है? (1)
4. लेखक गंगा माँ की रक्षा के लिए क्या कहना चाह रहा है? (1)

************